हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 14.0 डिग्री
न्यूनतम 33.2 डिग्री

11 हरियाणा की योग प्रतिभाओं के संगम में रोहतक ...



12 छठ महापर्वः डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी मन्नतें



**सख्ती :** रेलवे, किला रोड, मॉडल टाउन में अतिक्रमण हटाया गया, 70 दुकानदारों का सामान जब्त, करोड़ों के कर बकायादारों की संपत्तियां सील

# निगम अधिकारियों के कड़े तेवर, सड़कों पर रखा सामान जब्त किया, हाथ जोड़ने लगे दुकानदार

*नगर निगम की टीम न केवल अतिक्रमण हटाओ अभियान को गति दी गई, बल्कि संपत्ति कर वसूली को लेकर भी सख्त कदम उठाए गए। निगम की कई टीमें रेलवे रोड, किला रोड, मॉडल टाउन, लाढ़ौत रोड और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रहीं और बकायादारों पर कार्रवाई करती रहीं।*

### बाजार में बुजुर्ग महिला रोते हुए सामान वापस मांगती रही, अधिकारी बोले-कई बार समय दे चुके



***शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाने की दकवायद तेज***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुचारू यातायात व्यवस्था वाला बनाने की दिशा में नगर निगम ने सोमवार को एक बड़ा अभियान चलाया। टीम ने भू अधिकारी संदीप बत्रा के नेतृत्व में सड़कों से अतिक्रमण हटवाया। कई जगह सामान जब्त करने पर दुकानदार और बुजुर्ग महिलाएं रोते हुए सामान वापिस देने की गुहार लगाते नजर आए। एक दुकानदार के साथ टीम की नौकझौंक भी हुई। अधिकारियों ने कहा कि कई बार दुकानदारों को समय दे चुके लेकिन नहीं मानने पर कार्रवाई की गई है। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा यह संयुक्त अभियान शहर में अनुशासन, स्वच्छता और नागरिक सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया है। अभियान के तहत न केवल अतिक्रमण हटाओ अभियान को गति दी गई, बल्कि संपत्ति कर वसूली को लेकर भी सख्त कदम उठाए गए। निगम की कई टीमें रेलवे रोड, किला रोड, मॉडल टाउन, लाढ़ौत रोड और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रहीं।





रोहतक। बाजारों में फुटपाथ पर रखे सामान को हटवाते नगर निगम के कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### अभियान से सुगम हुआ यातायात

अभियान के बाद जिन इलाकों में कार्रवाई की गई, वहां यातायात व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखा गया। रेलवे रोड और मॉडल टाउन में जहां पहले वाहनों का जाम आम दृश्य था, वहां अब सड़कें खुली और व्यवस्थित दिखीं। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यदि यह अभियान नियमित रूप से चलता रहा तो शहर की सूरत बदल जाएगी।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

निगम आयुक्त ने कहा कि यह अभियान एक दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है, जिसमें अतिक्रमण हटाने, अवैध निर्माण रोकने और कर अनुशासन को बढ़ावा देने के साथ-साथ शहर के सौंदर्यीकरण पर भी काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निगम नागरिकों के सहयोग से रोहतक को स्वच्छ, हरित और व्यवस्थित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शर्मा ने कहा कि आने वाले महीनों में निगम टीम नालों की सफाई, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई और ग्रीन बेल्ट के संरक्षण के लिए भी विशेष योजनाएं लागू करेगी।

### पहले चरण में सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की कवायद

अभियान के पहले चरण में निगम की टीमों ने शहर के प्रमुख बाजारों रेलवे रोड, किला रोड और मॉडल टाउन मार्केट में कार्रवाई की। इस दौरान सड़क किनारे, फुटपाथों पर और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। निगम कर्मियों ने दुकानदारों को बार-बार चेतावनी देने के बावजूद अपने स्टॉल, तख्त, रैक, बैनर, तंबू और अन्य सामग्री सड़कों पर रखकर मार्ग अवरुद्ध कर रखा था। अभियान के दौरान निगम टीम ने करीब 70 दुकानदारों के अतिक्रमण का सामान जब्त किया, जिनमें रैक, पुतले, मेज, बैनर, तंबू आदि शामिल हैं। निगम आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सड़कें और फुटपाथ जनता की सुविधा के लिए हैं, किसी एक व्यक्ति के निजी उपयोग के लिए नहीं। टीम ने सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो जुर्माना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। निगम ने लोगों से अपील की कि वे शहर को सुंदर, स्वच्छ और यातायात योग्य बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### कर बकायादारों के खिलाफ भी नगर निगम की सख्त कार्रवाई

अभियान का दूसरा चरण संपत्ति कर वसूली पर केंद्रित रहा। निगम आयुक्त डा. शर्मा ने बताया कि शहर में ऐसे कई संपत्ति मालिक हैं जिन्होंने वर्षों से अपना संपत्ति कर जमा नहीं किया है। बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद इन बकायादारों ने भुगतान नहीं किया, जिसके चलते अब नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई शुरू की गई है। इस दौरान निगम की टीम ने लाढ़ौत रोड पर एक पीजी, सनसिटी में एक वाणिज्यिक संपत्ति और बोहर गांव में एक वाणिज्यिक संपत्ति को सील किया। इन पर करीब 1.5 करोड़ रुपये का बकाया कर था। निगम अधिकारियों ने बताया कि सभी संपत्ति मालिकों को पहले कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन भुगतान न करने पर मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ी। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि यह अभियान केवल कुछ संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में सभी बकायादारों की सूची तैयार की जा रही है।

### शक्ति नगर, डेयरी मोहल्ला, बस स्टैंड रोड पर भी कार्रवाई की जाएगी

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना केवल प्रशासन की नहीं बल्कि नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करें, सड़कों पर दुकान या सामग्री न फैलाएं और समय पर करों का भुगतान करें। डॉ. शर्मा ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य किसी के व्यापार में बाधा डालना नहीं है, बल्कि शहर की सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित और सुगम बनाना है। हम सभी को यह समझना होगा कि अतिक्रमण केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि दूसरों की सुविधा में बाधा है। उन्होंने यह भी बताया कि निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने और संपत्ति कर वसूली के लिए यह अभियान अब नियमित रूप से जारी रहेगा। आने वाले हफ्तों में शहर के अन्य इलाकों मिल गेट, शक्ति नगर, डेयरी मोहल्ला और बस स्टैंड रोड पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आज उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएगी

**रोहतक।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण सर्कल फोरम की 28 अक्तूबर को सुबह 11 से 1 बजे तक राजीव गांधी विद्युत भवन में बैठक आयोजित होगी। बैठक में 50 हजार से एक लाख रुपये तक बिजली बिल विवाद से संबंधित उपभोक्ता अपनी शिकायत को फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

### यूजीसी-नेट परीक्षा के लिए कोचिंग 30 से

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन (यूसीसीई) द्वारा यूजीसी-नेट/जेआरएफ दिसंबर 2025 परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग कार्यक्रम 30 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी यूसीसीई निदेशक प्रो. जेएस हुड्डा ने दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 अक्टूबर तक पंजीकरण कर सकते हैं।

### महिला से छेड़छाड़, दो आरोपियों पर केस दर्ज

**रोहतक।** शहर थाना क्षेत्र की एक आवासीय कॉलोनी में महिला के साथ छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने बताया कि रात के समय जब वह घर पर अकेली थी, तभी साहिल और पाशु नामक दो युवक उसके घर में जबरन घुस आए। महिला के अनुसार, दोनों ने पहले उससे अभद्र व्यवहार किया और फिर उसे पकड़कर जबरदस्ती करने की कोशिश की।

### फतेहपुरी कॉलोनी हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** फतेहपुरी कॉलोनी में हुई युवक मनीष की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि 22 अक्तूबर की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि फतेहपुरी कॉलोनी में गोली चलने से एक युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान मनीष निवासी फतेहपुरी कॉलोनी के रूप में हुई।

### ब्यूटी पार्लर संचालिका पति समेत लापता

**रोहतक।** शहर में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला अपने पति के साथ पिछले तीन दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता है। दंपति के घर से एक पत्र मिला है जिसमें उन्होंने आर्थिक तंगी और बढ़ते कर्ज के दबाव को अपनी परेशानी का कारण बताया है। पत्र में लिखा गया है कि हम पर लेनदारों का दबाव बढ़ गया है, अब हम यह बोझ नहीं सह पा रहे हैं। मामला प्रताप चौक निवासी नरेश के परिवार से जुड़ा है। नरेश ने शिकायत दर्ज कराई है।

### एमडीयू ने जीरो टॉलरेंस नीति को लागू किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने यह स्पष्ट किया है कि कार्यस्थल पर असुरक्षा की किसी भी घटना को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने सदैव सुरक्षित, सम्मानजनक और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील कार्य वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। हाल ही में विश्वविद्यालय परिसर में हुई घटना संबंधित दर्ज एक शिकायत के संदर्भ में, कुलपति ने तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं।

**मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते की कार्रवाई से हड़कंप**

## अवैध गैस सिलेंडर भंडारण का भंडाफोड़, 180 सिलेंडर बरामद

**छापेमारी के दौरान एक गैस फिलिंग मशीन व एक वेट मशीन भी बरामद हुई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रोहतक ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पुलिस और गुप्तचर इकाई की संयुक्त टीम के साथ सोमवार को गांव रैनकपुरा में छापेमारी कर अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के भंडारण का खुलासा किया। टीम में शामिल निरीक्षक अनिल कुमार (खाद्य एवं आपूर्ति विभाग), स्थानीय पुलिस और गुप्तचर इकाई के अधिकारियों ने गांव के एक खाली घेर (पशुबाड़ा) में छापेमारी की। मौके पर संजय पुत्र उमेद सिंह और नीरज पुत्र उमेद सिंह निवासी रैनकपुरा मौजूद मिले। जांच के दौरान वहां से बड़ी मात्रा में कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किए गए। मौके से भारत गैस कंपनी (बीपीसी) के 19 किलोग्राम वाले 14 सिलेंडर भरे हुए, सुपर गैस कंपनी के 17 किलोग्राम वाले 05 सिलेंडर भरे हुए मिले कुल 19 भरे सिलेंडर बरामद किए गए। इसके अलावा 141 सिलेंडर खाली (भारत गैस 19 किलो वाले), सुपर गैस के 06 सिलेंडर (17 किलो), सुपर गैस के 10 सिलेंडर (33 किलो) और एचपी गैस का 1 सिलेंडर (19 किलो) कुल 161 खाली सिलेंडर भी पाए गए।

छापेमारी के दौरान एक गैस फिलिंग मशीन (जुगाड़ टाइप) और एक वेट मशीन भी बरामद हुई। जब दस्तावेज मांगे गए तो संजय और नीरज कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

### एमडीयू केमिस्ट्री विभाग में अफ्रीका के प्रो. पीटर रमाशादी माकग्वाने ने दिया व्याख्यान



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग में दक्षिण अफ्रीका के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो. पीटर रमाशादी माकग्वाने का प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किया गया। वे यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ अफ्रीका (यूनीसा) के कॉलेज ऑफ साइंस, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ कैटालिसिस एंड एनर्जी सॉल्यूशंस के अध्यक्ष हैं। उन्होंने एडवांस्ड कैटालिटिक मैटेरियल्स फॉर अनलॉकिंग सस्टेनेबल प्रोसेसेस फॉर एनर्जी, केमिकल कन्वर्जन एंड एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो देवेंद्र सिंह ने अतिथि वक्ता को पुष्पगुच्छ और पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। विभाग के शिक्षकों ने भी प्रो माकग्वाने का हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन साक्षी वधवा ने कुशलतापूर्वक किया। अपने संबोधन में प्रो. पीटर माकग्वाने ने सतत ऊर्जा उत्पादन में फोटोकेटालिटिक प्रक्रियाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### वार्षिक उत्सव में मनमोहक प्रस्तुति




**रोहतक।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हरियाणा ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रो. असीम कुमार घोष वैश्य शिक्षण संस्थान के इंजीनियरिंग कॉलेज के महाराजा अग्रसेन सभागार में वार्षिक उत्सव एवं दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि सम्बोधन दे रहे थे। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। *(विस्तृत खबर पेज -12 पर)*

## रिसर्च पेपर के नाम पर प्रोफेसर से 40 हजार की ठगी

**रोहतक।** साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जिसमें जालसाजों ने रिसर्च पेपर पब्लिकेशन के नाम पर एक प्रोफेसर से 40 हजार रुपये की ठगी कर ली। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में किशनपुरा निवासी ओमदेव ने बताया कि वह एलपीयू (लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी), जालंधर, पंजाब में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल फोन पर एक व्यक्ति की व्हाट्सएप कॉल आई, जिसने खुद को एक रिसर्च पब्लिकेशन एजेंसी से जुड़ा बताया था।

**बैठक के लिए घोड़े पर सवार होकर जिला विकास भवन में पहुंचे पार्षद जयदेव**

## जिप की मीटिंग में 6 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित, 2 पर नहीं बन पाई सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सोमवार को विकास भवन में जिला परिषद की मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता चेयरमैन मंजू हुड्डा ने की। सदन में 9 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 6 एजेंडे सर्वसम्मति से पारित होग। जबकि 3 पर हाउस आम सहमति नहीं बना पाया। जिन प्रस्तावों पर राय नहीं बन पाई। इनमें जिला परिषद की अध्यक्ष मंजू हुड्डा के लिए ड्राइवर की व्यवस्था करने, डीआरडीए हाल की मरम्मत एवं नवीनीकरण करवाने का एजेंडा हाउस में रखा गया था। लेकिन ये दोनों प्रस्ताव सदस्यों ने पारित नहीं किए।

### ये एजेंडे पास किए गए

जो एजेंडे पास किए गए हैं, उनमें वित्तीय वर्ष 2022-23,2023-24,2024-25 में मिली राशि के खर्च का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा चालू वित्तीय वर्ष में जितनी धन राशि प्राप्त हुई, उसका ब्यौरा मीटिंग में दिया गया। पार्षदों द्वारा उनके क्षेत्र के विकास की लिस्ट कार्यकारी अभियंता पंचायती राज द्वारा प्रस्तुत मौके की रिपोर्ट और अनुमानित लागत के एस्टीमेट प्रस्तुत किए गए। बैठक में भाग लेने के लिए वार्ड नंबर 10 के पार्षद जयदेव डागर घोड़े पर सवार होकर विकास भवन पहुंचे।





रोहतक। मीटिंग लेते जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा। मीटिंग में अपने विचार रखते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### 4.5 करोड़ के नए विकास कार्य पर सहमति

पूर्व निर्धारित समय सुबह साढ़े ग्यारह बजे से कुछ देरी जिला परिषद की मीटिंग प्रारंभ हुई। सबसे पहले अध्यक्ष मंजू हुड्डा ने सदन को अवगत करवाया कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास करवाने के लिए जो बैठक गत अप्रैल में हुई थी, उसकी पुष्टि की जाए। सदन ने तुरंत पिछली मीटिंग की पुष्टि कर दी। इसके बाद एक के बाद एक पार्षदों ने अपनी समस्याओं को हाउस में रखा। पार्षदों ने प्रत्येक वार्ड के लिए 4.5 करोड़ रुपये के नए विकास कार्य सभी की सहमति से पारित किए। पार्षद धीरज मलिक ने सदन को बताया कि कैसे अधिकारी पार्षदों के फोन अटेंड नहीं करते हैं। खासकर जन स्वास्थ्य विभाग के। मलिक ने बताया कि उनके वार्ड में अनेक कार्य करवाने हैं,लेकिन सरकार काम के लिए पैसा जारी नहीं करती है।

### अमेरिका से 18 महीने बाद डिपोर्ट होकर लौटा किलोई का युवक

**रोहतक।** किलोई खास गांव का युवक सनी 18 महीने बाद अमेरिका से डिपोर्ट होकर अपने गांव वापस लौटा। रोहतक सदर थाना पुलिस की एक टीम पंचकूला से सनी को लेकर आई और विधिवत कार्रवाई के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, सनी पूर्व में बास्केटबॉल का खिलाड़ी रह चुका है। उसके पिता कप्तान सिंह गांव में खेती-बाड़ी करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जाती है। बेहतर भविष्य और आर्थिक सुधार की उम्मीद में सनी ने मई 2024 में 'डंकी रूट' के जरिए अमेरिका जाने का जोखिम उठाया था। सोनीपत के एक एजेंट के माध्यम से लगभग 45 लाख रुपये देकर यह यात्रा तय की थी। सनी ने एजेंट की मदद से यूपी से रवाना होकर ब्राजील पहुंचा। वहां से उसे जंगलों के खतरनाक रास्तों से होते हुए अमेरिका तक पहुंच गया।

**रोहतक पुलिस की टीम पंचकूला से सनी को लेकर आई**

**बच्चों से भीख मंगवाई तो होगी एफआईआर**

## 3 बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बाल अधिकारों के लिए काम कर रही संस्था एमडीडी ऑफ इण्डिया टीम द्वारा मानव तस्करी रोधी इकाई के साथ मिलकर 3 बच्चों को भिक्षावृत्ति करते हुए पकड़ा। संस्था के सहायक समन्वयक विकास ने देखा कि नए बस अडडे के पास 3 बच्चे भीख मांग रहे हैं। उन्होंने भिक्षावृत्तिकरने वाले बच्चों की जानकारी मानव तस्करी रोधी ईकाई (एएचटीयू) को दी। इसके बाद मानव टीम से अशोक, रवि मलिक, विजय सैनी एवं विकास नए बस स्टैण्ड के पास पहुंचे। टीम ने देखा कि बच्चे राहगीरों से भीख मांग रहे हैं। टीम तीनों बच्चों को अपने साथ बाल कल्याण समिति में लेकर पहुंची। बाल कल्याण समिति में बच्चों की काउंसलिंग की गई। तीनों बच्चों के परिजनों को बाल कल्याण समिति में बुलाया गया। बच्चों के परिजनों को समझाया गया कि बच्चों से भीख मंगवाना कानूनी अपराध है। यदि भविष्य में बच्चों से भीख मंगवाई तो परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी जाएगी।



### चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था के सहयोग लिया जा रहा है। बाल श्रम और भिक्षावृति करवाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी
**-सतीश कौशिक**, चेयरमैन, बाल कल्याण समिति

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
28 अक्टूबर 2025



# रिश्ते में पहचानें यलो फ्लैग्स बॉन्डिंग बनाएं बेहतर

आजकल रिश्तों को लंबे समय तक बनाए रखना आसान नहीं है। यह बात मैरीड लाइफ में और ज्यादा मायने रखती है। रिश्ते बेहतर रहें, इसके लिए दोनों तरफ से एफर्ट करना जरूरी है। दोनों में कोई एक भी रिश्ते को लेकर लापरवाह है, तो समस्याएं जन्म लेंगी, मतभेद होंगे, हम तनाव से घिरेंगे। इस तरह की बातें या प्रॉब्लम्स 'यलो फ्लैग्स' कहलाती हैं। इस तरह की सिचुएशन न आए, रिश्ते खुशगवार रहें, एक्सपर्ट की जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
गीता सिंह

इस नए दौर में रिश्ते तो बहुत आसानी से कायम हो जाते हैं, लेकिन उनको लंबे समय तक प्रेमपूर्वक बनाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। रिश्ते में दो लोगों का आपस में बंधे रहना ही काफी नहीं होता है, दोनों किस तरह से अपने रिश्ते में बने हुए हैं, यह बात भी बहुत मायने रखती है। यदि हम किसी के साथ दोस्ती या प्रेम के रिश्ते में हैं, विशेष रूप से पति-पत्नी हैं तो हमें समय-समय पर रिश्ते में दिखने वाले 'यलो फ्लैग्स' यानी बनती दूरियां, मतभेद और खत्म होती बॉन्डिंग को समझना चाहिए, समझना ही नहीं चाहिए, समय रहते इसे संभालना भी चाहिए, संबंधों में आए मनमुटाव को खत्म करना चाहिए। रिश्ते में हम अकसर रेड फ्लैग्स की बात करते हैं, लेकिन यलो फ्लैग्स भी इंपॉर्टेंट हैं, ये सावधान करते हैं, उन समस्याओं या चिंताओं की ओर इशारा करते हैं, जिस पर ध्यान देने की जरूरत होती है, ताकि रिश्ते को सही दिशा में ले जाया जा सके। यहां कुछ 'यलो फ्लैग्स' दिए जा रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ यलो फ्लैग्स और इन्हें दूर करने के उपायों के बारे में ।



### रिश्ते में बैलेंस न होना

किसी भी रिश्ते में दोनों पक्षों का योगदान समान होना चाहिए। यदि आप महसूस करती हैं कि आपके रिश्ते में एक पक्ष अधिक प्रयास कर रहा, दूसरा पक्ष कम, तो यह रिश्ते में बैलेंस न होने के संकेत हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो दिखाता है कि केवल एक ही पक्ष रिश्ते को लेकर गंभीर है, दूसरा पक्ष रिश्ते को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### अपमानजनक व्यवहार

एक प्रेम भरे सफल रिश्ते के लिए जरूरी है, दोनों साथी एक-दूसरे का सम्मान करें। यदि आप एक ऐसे रिश्ते में हैं, जहां आपका साथी लगातार आपसे अपमानजनक व्यवहार करता है, जैसे कि वह आपको नीचा दिखाता है या आपकी भावनाओं की अनदेखी करता है, तो निश्चित ही ये आपके रिश्ते में एक यलो फ्लैग है।

### संवाद में कमी व समय न देना

संवाद किसी भी स्वस्थ रिश्ते की नींव होता है। यदि आपका साथी, आपके साथ खुलकर बात नहीं करता या आपकी बातें अनसुनी कर देता है। साथ ही आपका साथी लगातार व्यस्त रहता है, आपको समय नहीं दे पाता, यह इस बात का संकेत है कि आप उसकी प्राथमिकता सूची में नीचे हैं। इस तरह की बातें आपके रिश्ते के लिए यलो फ्लैग्स हैं। भविष्य में बड़ी समस्याओं का संकेत हैं।

### अकेले योजनाएं बनाना और निर्णय लेना

रिश्ता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसका ध्यान दोनों साथियों को रखना होता है। किसी भी साथी को अकेले प्लानिंग या फैसले नहीं लेने चाहिए, खासकर अगर इसमें आप दोनों की भलाई और जिंदगी शामिल हो। ऐसे मसलों पर आपके साथी को आपसे सलाह-मशविरा करना चाहिए। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित ही आपके रिश्ते के लिए एक बड़ा वाला यलो फ्लैग है।



### विश्वास की कमी

रिश्ते में विश्वास एक महत्वपूर्ण तत्व है। अगर आपका साथी छोटी-छोटी बातों पर भी आप पर शक करता है या आप उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पाती हैं या फिर आपकी गतिविधियों पर जरूरत से ज्यादा नजर रखता है, आपकी पसंद पर हुक्म चलाता है। आपको दोस्तों और परिवार से अलग-थलग करने का प्रयास करता है, तो यह एक यलो फ्लैग है। इसके चलते रिश्ते में स्ट्रेस और अन्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। अपनी स्वतंत्रता बनाए रखना और नियंत्रण संबंधी समस्याओं का समाधान करना एक स्वस्थ रिश्ते के लिए बेहद जरूरी होता है।

### भावनात्मक अनुपलब्धता

रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव और सहयोग बेहद जरूरी है। अगर आपका साथी लगातार भावनात्मक अंतरंगता से बचता है, अलग-थलग सा लगता है, या भावनात्मक सहयोग देने में नाकाम रहता है, तो आपके रिश्ते में यह एक यलो फ्लैग यानी खतरे की घंटी है।

**छोटी-छोटी बातों पर बहस करना:** यदि आप और आपका साथी अकसर छोटी-छोटी बातों पर बहस करते हैं, अपनी ही बातों को सही ठहराने के लिए गुस्सा करते हैं या बात करना बंद कर देते हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो बताता है कि भविष्य में बड़े मुद्दों पर भी बहस हो सकती है।

### रिश्ते में यलो फ्लैग्स से कैसे डील करें

जब आप रिश्तों के बीच यलो फ्लैग्स के संकेतों को पहचान जाएं तो इन यलो फ्लैग्स पर ध्यान देकर और उन पर खुलकर बातचीत करके, अपने रिश्ते को मजबूत और स्वस्थ बनाएं। रिश्ते को पहले से कहीं अधिक बेहतर बनाएं और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। इसके साथ ही कुछ और बातों को अमल में लाकर आप रिश्ते के इन यलो फ्लैग्स को ग्रीन फ्लैग में बदल सकते हैं।

- सबसे पहले अपने साथी के साथ उन मुद्दों पर खुलकर बात करें, जो समस्या का कारण हैं। साथ ही ध्यान दें कि क्या आप दोनों मिलकर अपनी समस्याओं को हल करने में कामयाब हैं।
- यदि आप खुद से इन मुद्दों को हल नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी रिलेशनशिप काउंसलर या थेरेपिस्ट से मदद लेने पर विचार करें।
- यदि फिर भी यलो फ्लैग बने रहते हैं और आपको लगता है कि वे रिश्ते को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं, तो आपको यह निर्णय लेना होगा कि क्या आप इस रिश्ते को जारी रखना चाहते हैं या नहीं।

याद रखें, हर रिश्ता खास होता है। सभी का किसी भी परेशानी से निपटने का तरीका भी अलग-अलग होता है। अपने विवेक पर भरोसा रखें, अपने अंतर्मन की सुनें, अपने को प्राथमिकता दें, और जरूरत पड़ने पर कड़ा फैसले लेने को भी तैयार रहें।


**(रिलेशनशिप काउंसलर सलोनी चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

# त्योहारों के बाद उदासी क्यों इससे कैसे उबरें

त्योहारों के हर्षोल्लास और व्यस्तता के बाद जब सब कुछ संपन्न हो जाता है, तो कुछ महिलाओं के मन में उदासी और सुस्ती का भाव देखा जाता है। इसे पोस्ट फेस्टिवल ब्लूज कहते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे उबरें, जानें।

सलाह
शिखर चंद जैन

जब त्योहार आते हैं, हम उत्साह-उमंग से भर उठते हैं। त्योहार के आगमन से काफी समय पहले से ही हमारा सारा ध्यान उसकी तैयारी में लग जाता है। हम बहुत खुशी के साथ शॉपिंग करते हैं, अपने लिए नई ड्रेसेस लाते या बनवाते हैं। घर की साफ-सफाई, साज-सज्जा करते हैं। मिठाइयां-पकवान बनाते हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलते-जुलते हैं। लेकिन त्योहार के बाद हमारी दिनचर्या में एक रिक्तता आ जाती है। मन उदासी से घिर उठता है। यह एक प्रकार का इमोशनल बर्नआउट है।



### उदासी के कारण

कुछ महिलाएं त्योहारों के अवसर पर बंदनवार, आसन, रेडीमेड रंगोली, कंदील, सजावटी दीये, गिफ्ट रैपिंग, गिफ्ट हैंपर बनाने, पूजन सामग्री बेचने, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर के कामों से पैसे अर्न करती हैं। त्योहार बाद उनके मन में एक डर आता है कि अब कमाई का जरिया कमजोर पड़ जाएगा। जो पुरुष कारोबारी हैं, त्योहारों से संबंधित सामान बेचते हैं, उन्हें भी चिंता सताती है कि अब कारोबार मंदा हो जाएगा। इस चिंता का असर घर की महिलाओं पर भी पड़ता है।

### हैप्पी-हार्मोन का स्तर घटना

त्योहार के बाद मन में उदासी का बड़ा कारण यह भी होता है कि लोगों को लगता है कि अब उमंग-उत्साह का माहौल समाप्त हो गयौ। इस तरह त्योहारों के दौरान महसूस होने वाला हर्षोल्लास और 'हैप्पी-हार्मोन' जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन का स्तर अचानक कम हो जाता है, इस कारण निराशा महसूस होती है।



### उदासी के लक्षण

किसी त्योहार के बाद उदासी के लक्षण हमें इस रूप में दिखाई देते हैं, जैसे भावनात्मक और शारीरिक थकान, उत्साह के लुप्त हो जाने पर खालीपन की भावना और उदासी। दिनचर्या में वापस लौटने की चिंता, भीतर की एनर्जी में गिरावट के कारण निराशा या बेचैनी, नींद न आना या अधिक नींद आना।

### उदासी दूर करने के लिए क्या करें

उदासी दूर करने के लिए यहां बताए जा रहे कुछ साधारण लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं।

**ध्यान और जागरुकता:** माइंडफुलनेस मेडिटेशन करें। ऐसे अभ्यास आपको वर्तमान में बने रहने और अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायक रहेंगे। अपने मन को शांत रखने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**जीवनशैली में परिवर्तन:** त्योहारों के बाद अपनी जीवनशैली को स्पीड मोड से बदल कर स्लो मोड में लाएं। पुरानी दिनचर्या, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और उचित नींद आपके मूड और आंतरिक ऊर्जा के स्तर को दुरुस्त करेंगे।

**सामाजिक समर्थन:** त्योहार बाद मित्रों और परिवार के साथ समय बिताएं। अपने पसंदीदा रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ गपशप करें। इन सब बातों से आपकी आंतरिक ऊर्जा रिचार्ज होगी।

**भावनाओं को लिखें, रुके कामों पर ध्यान दें:** अपने विचारों और भावनाओं को लिखें। इससे दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालने और तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। त्योहारों के दौरान जो काम बाकी रह गए थे, उन्हें पूरा करने में अपना ध्यान लगाएं।

# पार्टी से लौटने के बाद फॉलो करें प्रॉपर स्किन केयर रुटीन

अगर आप पार्टी से घर लौटकर प्रॉपर स्किन केयर नहीं करती हैं, तो आपकी स्किन डैमेज हो सकती है। इसलिए मेकअप रिमूवल जरूरी है। हम आपको यहां कुछ ईजी टिप्स बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप स्किन को डैमेज होने से बचा सकती हैं।

स्किन केयर
नीलोफर

चाहे दोस्तों के साथ पार्टी करनी है, किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में जाना है, किसी की रिसेप्शन पार्टी अटेंड करनी है या शादी में जाना है, हम दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम कई दिन पहले से प्लानिंग शुरू कर देते हैं। हमें क्या पहनना है, आउटफिट के साथ मैच करती ज्वेलरी, फुटवियर और कैरी किए जाने वाला पर्स सब पहले से सेट कर लेते हैं। मेकअप कैसा हो हैवी या लाइट, यह भी हम पहले ही सोच लेते हैं। लेकिन पार्टी अटेंड करने के बाद इन मेकअप प्रोडक्ट्स का हमारी त्वचा पर क्या असर होता है और घर आने के बाद हमें अपने स्किन की सही देखभाल के लिए कौन से जरूरी स्टेप फॉलो करने चाहिए, यह जानना भी बहुत ज्यादा जरूरी है।



### मेकअप रिमूवल है जरूरी

पार्टी से लौटकर आने के बाद आप भले ही कितनी थक जाएं, लेकिन अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। कई बार पार्टी में डांस के बाद पैर थक जाते हैं और आप सोचती हैं कि मेकअप सुबह रिमूव कर लेंगी तो इससे आपके स्किन के पोर्स में गंदगी फंसी रह जाती है। इसलिए मेकअप रिमूवल सोने से पहले जरूरी है।



### चेहरे को करें क्लीन

सबसे पहले मेकअप को चेहरे से हटाएं और चेहरे को क्लीन करें ताकि बची हुई गंदगी और मेकअप हट जाए। इसके लिए फेसवॉश का इस्तेमाल करें, फेसवॉश ऐसा हो, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखे।

### स्किन रहेगी हाईड्रेट

मेकअप को रिमूव करने के बाद और चेहरे की क्लींजिंग के पहले स्किन को हाईड्रेट करना जरूरी है, इसके लिए नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जिसमें नेचुरल स्किन कंडीशिनिंग एजेंट्स, नेचुरल ऑयल और विटामिन हो जो स्किन की रात भर नमी दे।

### आंखों की न करें अनदेखी

लेट नाइट पार्टीज में आंखों के नीचे की स्किन को अधिक देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि देर रात तक जगने के कारण डार्क सर्कल्स और पफी आइज होना कॉमन है। इसके लिए अंडर आई स्किन को नरिश करने के लिए अपने साथ हमेशा आईक्रीम रखें, जिससे आंखों के नीचे के काले घेरों से बचाव हो सके।

आंखों और होंठों के मेकअप को रिमूव करने के लिए एक नर्म मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें, क्योंकि आंखों और होंठों की त्वचा बेहद नर्म होती है। इन्हें साफ करने के बाद कॉटन पैड पर क्लीनिंग ऑयल लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

### टोनर का करें यूज

जिस दौरान चेहरे से मेकअप को रिमूव किया जाता है, उस समय चेहरे की त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। चेहरे की त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने के लिए टोनर का जरूर इस्तेमाल करें।

### मॉयश्चराइजर लगाएं

पूरे चेहरे का मेकअप हटाने और चेहरे की पूरी सफाई करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉयश्चराइजर लगाएं ताकि यह आपकी त्वचा को ड्राय न होने दे, उसकी नमी को हमेशा बरकरार रखे।

# बदलते मौसम में ऐसे करें हेल्थ केयर

बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इससे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ ऐसे ही यूजफुल सजेशंस।

मेडिकल सजेशन
डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में आपको कौन-सी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं और उनसे कैसे बचाव कर सकते हैं?

**श्वसन तंत्र संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में ठंडी हवाओं के कारण सर्दी, खांसी, फ्लू और इंफ्लूएंजा का रिस्क बढ़ जाता है। धूल कणों और प्रदूषण की वजह से एलर्जी और अस्थमा के भी लक्षण नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही आंखों और नाक से पानी गिरना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

**मच्छरों से होने वाली बीमारियां:** बरसात के बाद जमा होने वाले पानी में मच्छर पनपने लगते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने लगती हैं। जिनमें तेज बुखार, जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**दूषित जल से होने वाली समस्याएं:** बरसात खत्म होने के बाद पेयजल के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर पीने का पानी स्वच्छ न हो तो इससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसी समस्या हो सकती है। इससे पेटदर्द, उल्टी और दस्त आदि समस्याएं हो सकती हैं।

**जोड़ों में दर्द:** ठंड की वजह से कुछ महिलाओं को जोड़ों में दर्द होने लगता है। खासतौर पर 50 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं को हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण यह समस्या ज्यादा परेशान करने लगती है।

**फंगल इंफेक्शन-स्किन ड्रायनेस:** महिलाओं को फंगल इंफेक्शन और स्किन में ड्रायनेस जैसी समस्याएं भी इस मौसम में परेशान करती हैं।

**मेंटल प्रॉब्लम्स:** कुछ महिलओं को इस बदलते हुए मौसम में मूड स्विंग, सुस्ती और उदासी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी परेशान करती हैं, जिन्हें सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर कहा जाता है।

**कैसे करें बचाव:** इन समस्याओं से ऐसे बचें।

- हमेशा उबला हुआ स्वच्छ पानी पिएं।
- उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धो लें।
- अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें, इससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। बेहतर यही होगा कि सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।



- रूखेपन की समस्या के लिए नियमित रूप से मॉयश्चराइजर और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना सात-आठ गिलास पानी पिएं, जूस और सूप भी पिएं।

**प्रस्तुति: विनीता**

# परिचय देने का अंदाज हो सम्मानजनक

कुछ लोग अकसर किसी का परिचय एक कटाक्ष के अंदाज में देते हैं। इससे जिसका परिचय दिया जा रहा है, वह तो एंब्रेस फील करता ही है, वहां मौजूद लोगों को भी अटपटा लगता है। इसलिए जब भी किसी का परिचय दें, सम्मानजनक ढंग से दें।

एटिकेट
मेघा राठी

आकृति ने एक पार्टी में अपने पति से अपनी सहेली शोभा का परिचय कुछ इस अंदाज से कराया, 'इनसे मिलिए, यह हैं शोभा, सोशल मीडिया की क्वीन हैं, छाई रहती हैं पोस्ट और फोटो से।'

शोभा को यह तरह परिचय देना बड़ा अजीब-सा लगा। उसने टोका, 'आकृति, तुम मेरा परिचय मेरे प्रोफेशन या मेरी फैमिली से जोड़कर दो। यह किस ढंग से मेरा परिचय दे रही हो?'

'अरे चिल्ड यार, मजाक कर रही हूं।' आकृति समझ गई थी, उससे अंजाने में गलती हो गई है।

**फर्स्ट इंप्रेशन है किसी का परिचय:** अकसर लोग किसी का परिचय सही ढंग से कराने में चूकते हैं। जबकि किसी व्यक्ति के सामने किसी का परिचय देना, उसके 'फर्स्ट इंप्रेशन' की तरह होता है। पहले परिचय का प्रभाव लंबे समय तक रहता है। जब हम किसी का परिचय करवाते हैं, यह सुनिश्चित करना जरूरी है, वहां मौजूद लोगों के सामने उस व्यक्ति की सकारात्मक छवि पेश हो। अकसर सामाजिक या पेशेवर माहौल में हम दूसरों का परिचय कराते समय मजाक कर जाते हैं, जो सामने वाले को असहज कर सकता है, वह व्यक्ति न केवल अपमानित महसूस करता है, संबंधों में एक दूरी आती है। इसलिए यह जरूर जानें कि एक प्रभावशाली और सम्मानजनक परिचय देते समय किन बातों का ध्यान रखें-



**नकारात्मक शब्दों से बचें:** परिचय देते समय हमेशा सकारात्मक बातों से परिचय दें। ऐसे शब्दों से बचें, जो किसी भी प्रकार की आलोचना या नकारात्मकता को दर्शाते हों। कभी-कभी मजाक में भी नकारात्मक बातें बुरी लग जाती हैं, इसलिए हर शब्द का चुनाव सावधानी से करें। इस उदाहरण को देखें-

**गलत तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी खासियत है कि ये सबकी टांग खींचने में माहिर हैं।

**सही तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी हाजिरजवाबी और मजाकिया स्वभाव से हर माहौल खुशनुमा हो जाता है। नकारात्मक टिप्पणियां, चाहे मजाक में ही क्यों न हों, सामने वाले के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचा सकती हैं।

**अतिशयोक्ति से बचें:** कुछ लोगों की आदत होती है कि वे किसी व्यक्ति की तारीफ बढ़ा-चढ़ा कर करते हैं। यह सही नहीं है, क्योंकि इससे वह व्यक्ति जिसका परिचय दिया जा रहा है और वहां मौजूद अन्य लोग दोनों ही असहज हो सकते हैं। किसी की प्रशंसा करना अच्छी बात है, लेकिन अतिशयोक्ति के बिना होनी चाहिए। जैसे-

**गलत तरीका:** यह दीपा हैं। कंपनी की सबसे मेहनती और सबसे सफल वर्कर हैं।

**सही तरीका:** यह दीपा हैं। यह हमारी टीम में विश्लेषण का काम करती हैं, अपने डेडिकेशन के लिए जानी जाती हैं।

इस तरह का सटीक और सम्मानजनक परिचय न केवल वहां उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाता है, बल्कि परिचित होने वाले व्यक्ति को भी कुछ और बड़ा करने के लिए प्रेरित करता है।

**उपलब्धियों और गुणों से कराएं परिचय:** व्यक्ति की उपलब्धियों, गुणों और कौशल का सम्मानपूर्वक उल्लेख करें, बिना किसी प्रकार की तुलना या टीका-टिप्पणी किए बताएं- इन्होंने अपने क्षेत्र में अपनी मेहनत से पहचान बनाई है। इस प्रकार का परिचय न केवल व्यक्ति को गर्वित करता है, बल्कि उनकी छवि को भी उभारता है।किसी का परिचय करवाना एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। यह परिचय करवाने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी दर्शाता है, उसकी छवि निर्धारित करता है, साथ ही भविष्य में संबंधों की मजबूती को भी प्रभावित करता है।

## खबर संक्षेप



### क्लिनिकल ट्रायल वर्कशॉप का आयोजन

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा तीन दिवसीय क्लिनिकल ट्रायल वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग एवं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के इंडियन क्लिनिकल ट्रायल एंड एजुकेशन नेटवर्क के सहयोग से आयोजित किया गया है।
यह वर्कशॉप 27 से 29 अक्टूबर 2025 तक डीसीएस ट्रेनिंग सेंटर, पीजीआईएमएस में आयोजित होगी। प्रत्येक दिन का सत्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

### उपयोगी वस्तुओं के संग्रह पर प्रतियोगिता

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ सुरिंदर सांगवान के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में और महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ रेणु राणा के नेतृत्व में बेकार चीजों से उपयोगी वस्तुएं बनाने का संग्रह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सांगवान के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का विषय भारतीय तीज त्योहार रहा। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ रेनू राणा ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में समय समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है।

### एआई के फंडे ऑन संडे पर हुआ कार्यक्रम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब द्वारा रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज के सहयोग से दो माह तक चलाए गए सप्ताहांत शिक्षण कार्यक्रम 'एआई के फंडे ऑन संडे' का सफल समापन रविवार को हुआ। इस अभिनव पहल का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को एआई की रोचक दुनिया से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम में कक्षा 4 से 8 तक के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## फरीदाबाद में सम्पन्न हुई 41वीं राज्य स्तरीय योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

# हरियाणा की योग प्रतिभाओं के संगम में रोहतक के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

- चैंपियनशिप का आयोजन 26 और 27 को फरीदाबाद में हुआ
- जिलों से लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया

उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हरियाणा योग और खेलों के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी है। राज्य स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को आत्मविश्वास और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँ0चने का अवसर प्रदान करती हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, फरीदाबाद के कुशल निर्देशन में 41वीं सब-जूनियर एवं जूनियर हरियाणा राज्य स्तरीय योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025-26 का सफल आयोजन 26 और 27 अक्टूबर को सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर, फरीदाबाद में किया गया, इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने अद्भुत योग प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के मीडिया संयोजक डॉक्टर जनक राज ने बताया कि समापन समारोह में योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन अशोक अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फेडरेशन की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के सचिव अरिंदम मित्रा, मीडिया संयोजक एवं योग विशेषज्ञ डॉ. जनक राज, तथा योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन फरीदाबाद के सचिव रवि बिधूड़ी, विनोद जोशी, और विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षक एवं अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**रोहतक।** प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान करते अतिथि।

### ये हैं होनहार

- 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में अभिनव का रहा शानदार प्रदर्शन
- 12 से 14 वर्ष (लड़कियां वर्ग) में पारिशा ने जीता रजत

### जिले का शानदार प्रदर्शन

रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई वर्गों में फाइनल तक पहुंचते हुए पदक हासिल किए। 10 से 12 वर्ष (लड़के वर्ग) में अभिनव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए चयन प्राप्त किया। 12 से 14 वर्ष (लड़कियां वर्ग) में पारिशा ने रजत पदक जीता, वहीं 16 से 18 वर्ष (लड़के वर्ग) में संजीव कुमार ने कांस्य पदक जीतकर रोहतक जिले का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त पूर्ति, आरव सिंह, जिया, आदर्श, सुहाना और याक्षी ने भी अपनी उत्कृष्ट योग प्रतिभा से निर्णायकों और दर्शकों की प्रशंसा अर्जित की।

### नेशनल चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिनिधित्व

हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के सचिव अरिंदम मित्रा ने जानकारी दी कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ी नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली सब-जूनियर एवं जूनियर नेशनल योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, रांची (झारखंड) में हरियाणा प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन सचिव रवि बिधूड़ी ने कहा कि सभी जिलों से आई टीमों ने नियमों का पूर्ण पालन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों के समर्पण एवं अनुशासन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। मीडिया संयोजक डॉ. जनक राज ने कहा कि रोहतक के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से राज्य स्तर पर जो सफलता प्राप्त की है, वह प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि ये खिलाड़ी आने वाले नेशनल मंच पर भी हरियाणा का नाम ऊंचा करेंगे।



# शौर्यवीर रन में रोहतक का शानदार प्रदर्शन

- दिल्ली कैंट में आयोजित दौड़ में बिमला बनवाला, कर्नल कृष्ण बुधवार और सारिका यादव ने जीते प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिल्ली कैंट में 26 अक्टूबर को आयोजित शौर्यवीर रन 2025 में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से 10,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हाफ मैराथन (21.1 किमी) श्रेणी में रोहतक रनर्स की धाविका बिमला बनवाला और कर्नल कृष्ण बुधवार ने अपने-अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि चंद्रपाल बनवाला ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### 5 किमी में सारिका सबसे तेज दौड़ी

5 किलोमीटर ओपन कैटेगरी में सारिका यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान अपने नाम किया। हाफ मैराथन में आनंद दलाल, अमित पूथि, सीमा मिश्रा, अशोक यादव, अजैबीर सिंह राठी, नरेंद्र राम और अरविंद पाल दहिया का प्रदर्शन भी अत्यंत सराहनीय रहा। शौर्यवीर रन 2025 भारतीय सेना द्वारा 79वें शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस आयोजन का उद्देश्य देश के वीर सैनिकों की शौर्य गाथाओं को नमन करना और नागरिकों व सैनिकों के बीच एकता और देशप्रेम की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम में 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की दौड़ों के लिए अलग-अलग श्रेणियां रखी गईं, जिनमें सेना अधिकारी, सैनिक, पेशेवर एथलीट, फिटनेस प्रेमी और आम नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

# क्षमता निर्माण कार्यक्रम में लैंगिक संवेदनशीलता पर विस्तार से मंथन

- दुहन पब्लिक स्कूल, जसिया में हुआ सीबीएसई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल जसिया में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा विभाग के निर्देशन में लैंगिक संवेदनशीलता पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में लैंगिक समानता, पारस्परिक सम्मान और समावेशी शिक्षण वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस कार्यशाला में शिक्षकों को यह समझाया गया कि किस प्रकार शिक्षा प्रबंधन, पाठ्य योजना निर्माण और छात्र संवाद के दौरान लैंगिक दृष्टिकोण को समान और संवेदनशील बनाया जा सकता है। शिक्षकों ने कार्यक्रम को अत्यंत जानकारीपूर्ण, विचारोत्तेजक और उपयोगी बताया। उन्होंने माना कि इस तरह के प्रशिक्षण सत्र शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक हैं। स्कूल की निदेशक डॉ. सुनीता दुहन ने सीबीएसई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को एक समानता-आधारित और सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण स्थापित करने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

# कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संकुल के सभी विद्यालयों के कौशल विकास प्रमुखों की बैठक शिक्षा भारती विद्यालय गोहाना रोड में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रांत के कौशल विकास संयोजक श्रीमान विनोद वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसके पश्चात संकुल कौशल प्रमुख ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता एवं रोजगारपरक शिक्षा को और सशक्त बनाने के उपायों पर चर्चा करना रहा। विनोद वशिष्ठ कहा कि कौशल विकास आज की शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से नई तकनीकों से जोड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली को पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर विद्यार्थियों को रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान और डिजिटल साक्षरता जैसे 21वीं सदी के कौशलों से लैस करना होगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के गुण विकसित करें ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें।

### आज का समय प्रतिस्पर्धा और नवाचार का युग

कार्यक्रम का संचालन संकुल कौशल प्रमुख आशु साहनी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि आज का समय प्रतिस्पर्धा और नवाचार का युग है। ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्य ज्ञान तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव, समस्या समाधान और रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित करें। कौशल आधारित शिक्षा ही विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार नागरिक बना सकती है। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि "कौशल विकास कार्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाता है।

# श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज में रक्तदान शिविर, आत्मनिर्भर भारत पर प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में संस्थापक स्व. डॉ. मंगल सैन जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय महोत्सव बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष आहुजा उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, आत्मनिर्भर भारत प्रदर्शनी एवं बिक्री, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में पीजीआईएमएस की टीम और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पोजीट्रोन हॉस्पिटल की टीम ने सहयोग किया। इन आयोजनों में एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी और महिला प्रकोष्ठ की सक्रिय भागीदारी रही। हिन्दू शिक्षण संस्थान के प्रधान श्याम कपूर, महामंत्री संजय आहुजा, विशिष्ट अतिथि मनीष ग्रोवर एवं अशोक चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना रंगा और डॉ. रजनी ने किया। समारोह की शुरुआत स्वागत गीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**रोहतक।** ड्राइंग प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा व रिटायर्ड प्रिंसिपल बलजीत सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### ड्राइंग प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय के फाईन आर्ट्स विभाग द्वारा ड्राइंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस प्रदर्शन का उद्घाटन रिटायर्ड प्रिंसिपल बलजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि किसी को चित्रकारी या गायन नहीं आता हो पर सभी कलाओं को देखने और सुनने में आनंद प्राप्त होता है। प्रदर्शनी में लगभग 100 ख़ूबसूरत चित्रों को शामिल किया गया। सृष्टि, तुलसी के चित्र विशेष तौर पर आकर्षण के केंद्र रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने कहा प्रख्यात चित्रकार बलजीत सिंह 30 वर्ष से भी अधिक इस महाविद्यालय में कार्यरत रहे।ओर इनका योगदान सराहनीय रहा है तथा रिटायरमेंट के बाद भी इस महाविद्यालय में अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा ढाल और तलवार दोनों है: यासिर अब्बास जैदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय ने उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत पेटेंट, डिजाइन और एनआईपीएएम के सहयोग से जागरूकता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। मुख्य भाषण वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, पेटेंट एवं डिज़ाइन परीक्षक, सीजीपीडीटीएम, डीपीआईआईटी यासिर अब्बास जैदी द्वारा दिया गया। यह सत्र कुलपति डॉ. अमित आर्य और रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा के संरक्षण में आयोजित किया गया और इसका आयोजन डीएलसी सुपवा के आईक्यूएसी विभाग द्वारा किया गया। जैदी ने छात्रों और संकाय सदस्यों को पेटेंट, डिज़ाइन, ट्रेडमार्क, भौगोलिक संकेत और कॉपीराइट सहित आईपीआर के महत्व, दायरे और प्रकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया, नियामक ढाँचे और रचनात्मक कार्यों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध तंत्रों की व्याख्या की। उन्होंने रचनात्मक और डिज़ाइन उद्योगों में बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यावहारिक निहितार्थों को दर्शाने वाले केस स्टडीज़ पर भी चर्चा की, और इस बात पर जोर दिया कि कैसे आईपीआर का ज्ञान नवाचार की रक्षा कर सकता है और मूल कार्य की मान्यता सुनिश्चित कर सकता है।

### इनेलो ने संगठन में किया विस्तार, डॉ. रणबीर हुड्डा बने प्रदेश महासचिव



**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए डॉ. रणबीर सिंह हुड्डा को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। इनेलो लीगल सेल के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विनोद अहलावत ने बताया कि डॉ. रणबीर हुड्डा इनेलो सरकार में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के सदस्य भी रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने डॉ. रणबीर हुड्डा को संगठन में अहम जिम्मेदारी दी है, जिससे कार्यकर्ताओं में भी खुशी का माहौल है। इनेलो जिला प्रधान डॉ. नफे सिंह लाहली ने कहा कि डॉ. रणबीर हुड्डा को जो जिम्मेदारी मिली है, उससे संगठन मजबूत हुआ है।





**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सीताराम व्यास। **फोटो : हरिभूमि**

### डॉ. मंगल सैन की जयंती पर व्याख्यान का आयोजन

- पूर्व मुख्यमंत्री के आदर्शों और जीवन मूल्यों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने का आह्वान

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मंगल सैन की 98वीं जयंती के अवसर पर डॉ. मंगल सैन: एक बहुआयामी व्यक्तित्व विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. मंगल सैन शोध पीठ तथा संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सीताराम व्यास ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किए, जबकि एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अध्यक्षता की। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. सीताराम व्यास ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मंगल सैन का व्यक्तित्व मूल्यनिष्ठ और बहुआयामी था। उन्होंने स्वच्छ राजनीति, समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बताया कि डॉ. मंगल सैन ने सेवा और शिक्षा को अपना धर्म माना और सादगीपूर्ण जीवन जिया। रोहतक विश्वविद्यालय का नाम महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रखना भी उन्हीं की प्रेरणा थी। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे डॉ. मंगल सैन के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं।

### जेजेपी की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा से विचार विमर्श करके जिला कार्यकारिणी में नियुक्तियां की गई। जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा ने बताया कि जेजेपी ने जिले में अपने संगठन में विस्तार करते हुए मनोज बालंद एवं भीम सिंह कुंडू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है। बलराम हुड्डा, आजाद देशवाल, संदीप सिवाच, महेश पानू, संदीप मोरवाल उपाध्यक्ष नियुक्त किये गए। सुखबीर उर्फ लीला, प्रोफेसर अनिल मलिक को प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी सौंप गई। प्रवीण भूटानी, सुनील पंच, राजकुमार सेठी, जगदीश गहलोत, चंद्र सिंह गहलोत को महासचिव बनाया गया। समुंदर उर्फ काला, उज्जल दलाल, सत्यवान इंस्पेक्टर, अक्षय मकड़ौली, मास्टर अनिल, आजाद सिवाच को सचिव पद पर नियुक्त किया गया।

## सत्य, करुणा और सेवा ही धर्म का वास्तविक रूप

# श्री कृष्ण ने अवतार लेकर धरती से अधर्म की गाथा को मिटाने का काम किया

- सत्य की जीत हमेशा इंसान के मनोबल को बढ़ाती है

हरिभूमि न्यूज. रोहतक



स्वामी परमानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में गढ़ी मोहल्ला स्थित खटीक मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं ने वामन अवतार और श्रीकृष्ण अवतार की पावन झांकियों का दर्शन किया। कथा व्यास आचार्य देवशरण महाराज (गोवर्धन वाले) ने कहा कि आज समाज को सबसे अधिक आवश्यकता है सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की। महाराज ने कहा कि धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की मानवता का जागरण है। उन्होंने कहा कि वामन अवतार यह सिखाता है कि विनम्रता से किया गया एक छोटा कदम भी असत्य के विशाल साम्राज्य को हिला सकता है, वहीं श्रीकृष्ण अवतार हमें सिखाता है कि जब अन्याय बढ़े तो निडर होकर धर्म का पक्ष लेना ही सच्ची भक्ति है।

इस अवसर पर चदशनाम जूना अखाड़ा, उप आचार्य गोकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज का पावन प्रादुर्भाव हुआ। स्वामी कपिलपुरी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि मानवता ही सर्वोच्च धर्म है। जब हृदय में करुणा और सेवा का भाव जागता है, तब हर घर मंदिर बन जाता है। कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य कर श्रीकृष्ण अवतार का उत्सव मनाया।

### कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया

कथा का संचालन पं. विजय कुमार शर्मा (वृंदावन वाले) एवं पं. रमाशंकर दीक्षित के संयोजन में हुआ। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि आगामी कथा में गोवर्धन पूजा और रुक्मिणी विवाह की पावन कथा का श्रवण कराया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ा बाजार शिकारी मन्दिर से शिवकुमार पंडित, दी झज्जर केन्द्रीय सहकारी बैंक लि की निदेशक नीलम अहलावत, मा हुकुम सिंह वैलफेयर फाऊंडेशन के प्रधान जोगेन्द्र सिंह अहलावत, मधु शर्मा दीक्षित, पुष्पा देवी, पं. गौरव सूरौठिया, धनवीर तौमर, गोलू, हेमंत लवांनिया, पं. ओमकार शर्मा, पं. माधव दीक्षित, हेमराज, भतेरी, उषा खन्ना, रजनी, उर्मिला, वर्षा, पूजा, निशा, आरती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**राज्यपाल ने वैश्य शिक्षण संस्थान के इंजीनियरिग कॉलेज में वार्षिक उत्सव एवं दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**

# हरियाणा ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की : घोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हरियाणा ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे शिक्षण संस्थानों द्वारा दिए गए शैक्षणिक ज्ञान व सृजनात्मकता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को जीवन में धारण करें तथा समाज व देश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। प्रो. असीम कुमार घोष वैश्य शिक्षण संस्थान के इंजीनियरिंग कॉलेज के महाराजा अग्रसेन सभागार में वार्षिक उत्सव एवं दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि सम्बोधन दे रहे थे। उन्होंने इससे पूर्व दीप प्रज्वलित किया तथा दीक्षांत समारोह के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। उन्होंने शिक्षण संस्थान स्थित महात्मा गांधी वाटिका एवं संग्रहालय में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष ने भी पुष्प अर्पित किए। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने फरवरी 2021 में वैश्य शिक्षण संस्था की नींव रखी थी।

### महामहिम ने कानून, इंजीनिरिंग तथा फार्मास्यूटिकल शिक्षा एवं शोध के विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की



प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हरियाणावासी बहुत ही मेहनती है, जो अपनी मेहनत से देश के खाद्यान्न भण्डार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं तथा युवाओं के चरित्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। वैश्य शिक्षण संस्था के प्रधान विकास गोयल तथा अन्य पदाधिकारियों ने राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, उनकी पत्नी मित्रा घोष के अलावा कार्यक्रम के अन्य अतिथिगण, समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल, हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, गिरिश चंद्र गुप्ता, एलपीएस के एमडी राजेश जैन आदि को स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कानून, इंजीनिरिंग तथा फार्मास्यूटिकल, शिक्षा एवं शोध के विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। इस मौके पर अनिल बिंदल, राधे श्याम गोयल, पवन कुमार मित्तल सहित शिक्षण संस्था के पदाधिकारी, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### राज्यपाल घोष ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय का किया दौरा, बच्चों के साथ की बातें



राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने अपनी धर्मपत्नी एवं प्रदेश की प्रथम महिला मित्रा घोष के साथ स्थानीय हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-3 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में जिला प्रशासन की नई पहल के तहत शुरू की गई निपुण वाटिका का अवलोकन किया तथा विद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय के विकास व अन्य संसाधनों के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से पांच लाख की धनराशि देने की घोषणा की। घोष ने पत्नी मित्रा घोष के साथ निपुण वाटिका का अवलोकन किया। महामहिम ने विद्यार्थियों से मौके पर संवाद किया। उन्होंने बच्चों से भारत माता चित्र पर पश्चिम बंगाल के बारे में पूछा तो बच्चों ने डिजिटल मैप में पश्चिम बंगाल को दिखाया। राज्यपाल ने चखा मिड डे मील प्रो. असीम कुमार घोष ने अपनी पत्नीमित्रा घोष के साथ मिड डे मील में पकाए गए छोले-पूरी का स्वाद चखा। उन्होंने पत्नी संग प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यालय परिसर में पत्नी के साथ पौधरोपण भी किया।

**शिक्षकों से किया संवाद, विवि की प्रगति में भूमिका को बताया महत्वपूर्ण**

# राज्यपाल ने किया एमडीयू फैकल्टी क्लब में स्वर्ण जयंती स्मारिका का लोकार्पण

रोहतक। प्रदेश के राज्यपाल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने गत देर शाम एमडीयू फैकल्टी क्लब में विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती स्मारिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से संवाद किया और उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में राज्यपाल की पत्नी मित्रा घोष की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनका विश्वविद्यालय परिवार ने आत्मीय स्वागत किया। प्रो. घोष ने कहा कि शिक्षक किसी भी विश्वविद्यालय की आत्मा होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब अपने स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर चुका है, और शिक्षकों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों को नवाचार, नैतिकता और राष्ट्रीय मूल्यों की दिशा में आगे बढ़ाएं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर केवल उपलब्धियों के उत्सव का नहीं, बल्कि भविष्य की नई दिशा तय करने का भी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को शिक्षा के साथ-साथ समाज निर्माण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।



रोहतक। मदवि की स्वर्ण जयंती स्मारिका का लोकार्पण करते राज्यपाल प्रो. असीम घोष।

### कुलपति ने राज्यपाल का किया स्वागत

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति का स्वागत करते हुए कहा कि प्रो. घोष का मार्गदर्शन विश्वविद्यालय समुदाय के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने आभार प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, फैकल्टी क्लब की अध्यक्षा प्रो. सीमा सिंह, विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पक्षी होटल पर चलाया स्वच्छता अभियान

रोहतक। ओमेक्स सिटी के नजदीक नहरों के पुल के पास बनाए गए पक्षी होटल पर स्वच्छता अभियान चलाकर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई। सामाजिक कार्यकर्ता अजय हुड्डा ने बताया कि यह कार्य सुनो नहरों की पुकार-मिशन के सौजन्य से किया गया। पक्षियों के लिए दाना-पानी व्यवस्था के साथ प्रति सप्ताह पक्षी होटल व पार्क की साफ-सफाई भी करते है। सफाई अभियान के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अजय हुड्डा, सहायक प्रोफेसर डॉ ज्योति ग्रेवाल, नरेंद्र अहलावत, अंजलि,प्रिती ,नेहाअंशु नांदल, जतिन मलिक आदि ने अपना योगदान दिया।

### किसानों के बारे में गलत बयानबाजी कर रहे हुड्डा

रोहतक। पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को नायब सैनी सरकार के



खिलाफ बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भूपेन्द्र हुड्डा किसानों के बारे में गलत ब्यानबाजी कर रहे हैं। भाजपा के 11 वर्ष के शासन में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूलय पर उनकी फसल खरीदी जा रही है। हुड्डा के शासनकाल में हिसार में किसानों पर पुलिस ने फायरिंग की जिसमें एक किसान की मौत हुई थी। पूर्व मुख्यमंत्री अपने 10 वर्ष के शासन में किसानों के लिए एक उपलब्धि बताये। हुड्डा के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरमसीमा पर था।

## छठ महापर्व की भव्य छटा में डूबा रोहतक, घाटों पर उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी मन्नतें



### 36 घंटे का निर्जल उपवास

छठ पर्व पर महिलाओं ने परिवार के कल्याण, विशेषकर पुत्र और पति की दीर्घायु के लिए कठोर व्रत रखा। व्रत की विशेष बात यह है कि व्रती महिलाएं लगभग 36 घंटे तक बिना अन्न-जल ग्रहण किए पूरी श्रद्धा और निष्ठा से पूजा करती हैं। उन्होंने व्रत के दौरान स्नान-ध्यान, घर की शुद्धता और प्रसाद की पवित्रता का विशेष ध्यान रखा। भक्तों ने रविवार को खरना की पूजा करके व्रत आरंभ किया और सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ अर्पित किया। मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ देकर पूजा सम्पन्न की जाएगी, जिसके साथ यह पर्व पूर्ण होगा।



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर,समाज सेवी राजेश जैन, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल व रेणु डाबला।

### पूजा सामग्री के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सूर्य उपासना का पवित्र पर्व छठ पूजा सोमवार को रोहतक में पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। शहर के विभिन्न इलाकों में विशेष तैयारियां की गईं।

वहीं, पूर्वांचल एकता सेवा समिति और पूर्वांचल सेवा समिति के सदस्यों ने भालौठ सब ब्रांच नहर और गौकर्ण सरोवर पर पूजा के लिए विशेष बंदोबस्त किए।

श्रद्धालुओं ने दोपहर बाद घाटों पर पहुंचकर भगवान सूर्य नारायण और छठ मइया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शाम के समय डूबते हुए सूर्य को अर्घ देकर भक्तों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। छठ महापर्व भारतीय संस्कृति में शुद्धता, आत्मसंयम और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व मुख्यतः बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, नेपाल सहित पूरे उत्तर भारत में मनाया जाता है, लेकिन अब यह सीमाओं से परे पूरे देश में अपनी पहचान बना चुका है।

रोहतक में भी पिछले कुछ वर्षों में इस पर्व के प्रति लोगों में गहरी आस्था देखने को मिल रही है। पूर्वांचल एकता सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है जहां विविधता में एकता की झलक हर त्योहार में दिखाई देती है। दीपावली का उल्लास अभी थमा भी नहीं कि लोगों ने छठ मइया की आराधना में खुद को समर्पित कर दिया। यह पर्व नारी शक्ति, श्रद्धा और संयम का अनोखा उदाहरण है।

### आज उदीयमान सूर्य को देंगे अर्घ्य

छठ पूजा का समापन मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ देकर किया जाएगा। इसके साथ ही व्रती महिलाएं जल से बाहर आकर परिवार के साथ प्रसाद ग्रहण करेंगी और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देंगी। छठ पर्व के इस पावन अवसर पर पूरा रोहतक भक्ति, आस्था और सामूहिक एकता की भावना से ओतप्रोत नजर आया। महिलाओं की गीतों की मधुर गूंज, दीपों की लौ और सूर्य नारायण की आराधना ने शहर को एक अद्भुत आध्यात्मिक माहौल में सराबोर कर दिया। उनके साथ परिवार के सदस्य भी भक्ति भाव से छठ मइया के गीत गाते हुए चल रहे थे।

### समितियों ने किए सराहनीय प्रबंध

पूर्वांचल एकता सेवा समिति और पूर्वांचल सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार छठ पूजा के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। घाटों पर बांस के पंडाल, अस्थायी चेंजिंग रूम, महिला और पुरुषों के लिए अलग प्रवेश मार्ग, साथ ही पीने के पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। पीजीआईएमएस और जिला प्रशासन के सहयोग से चिकित्सा दल भी तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### छठ मइया के गीत गाते गाए

छठ पूजा के अवसर पर भालौठ सब ब्रांच नहर और गौकर्ण सरोवर श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार रहे। समितियों और प्रशासन ने मिलकर घाटों पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। संध्या के समय जब सूर्य नारायण धीरे-धीरे अस्ताचल की ओर बढ़े, तो श्रद्धालु व्रती महिलाएं सिर पर टोकरी, डलिया और फल-फूल लेकर नदी तट की ओर बढ़ीं। उनके साथ परिवार के सदस्य भी भक्ति भाव से छठ मइया के गीत गाते हुए चल रहे थे। महिलाओं ने जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ अर्पित किया और परिवार की खुशहाली की कामना की।



### छठ पूजा संस्कृति व प्राकृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने वाली: डॉ अरविंद शर्मा

रोहतक। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प में हरियाणा की नॉन स्टाप रफ्तार में पूर्वांचल वासियों की मेहनत का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा संस्कृति एवं प्राकृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने वाला पर्व है। सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भालौठ सब ब्रांच दिल्ली बाईपास नहर पर पूर्वांचल एकता सेवा समिति द्वारा आयोजित छठ पूजा महोत्सव में शिरकत कर रहे थे। समिति पदाधिकारियों द्वारा फूल-मालाओं के साथ स्वागत करने उपरांत सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आस्था व संस्कार के प्रतीक छठ महोत्सव को श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाना बेहद सुखद है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में राज्य स्तरीय छठ पूजा महोत्सव पंचकूला में मनाया जाना व नहर, नदियों किनारे छठ के भव्य आयोजन छठ पर्व में चार-चांद लगा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने डूबते सूर्य को व्रती महिलाओं द्वारा पहला अर्घ्य दिए जाने पर शुभकामनाएं भी दी। मौके पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, सतीश नांदल, रेणु डाबला, पूर्वांचल एकता सेवा समिति प्रधान संजीव सिंह, महासचिव दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष पप्पू सिंह, संरक्षक डॉ. संजय, ओएन मौर्य, राज सिंह पटेल, सुबोध कुमार, रामाधार सिंह, अजय सिन्हा, आचार्य बीके शास्त्री मौजूद रहे।

### सांपला: छठ पूजा पर झांकी निकालते श्रद्धालु



सांपला। छठ पर्व को लेकर लेकर लोगों में काफी उत्साह था। दिनभर दुकानों पर श्रद्धालुओं ने फल, गन्ना, छाज व अन्य सामग्री खरीदी। पूजा अर्चना के लिए झज्जर मार्ग पर बने मंदिर के प्रांगण और शिव मंदिर में टैंट लगा कर पूजा अर्चना का कार्यक्रम किया गया। पहले श्रद्धालुओं ने कस्बे में झांकी निकाली और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने सिर पर फल छाज आदि सामग्री और हाथों में गन्ने लिए हुए थे। मंदिर प्रांगण में पहुंच कर सूर्य देव की पूजा और प्रसाद वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें बच्चे महिलाएं बड़े बुजुर्ग भी शामिल हुए। श्रद्धालु राजू, बंसी आदि ने बताया कि मंगलवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही पर्व का समापन हो जाएगा।



रोहतक। रोहतक सेवा और समर्पण नि स्वार्थ ग्रुप ने बेजुबान जानवरों की सेवा के साथ–साथ नहर पर शिव परिवार को पूरे पूजा और विधि विधान के साथ किया स्थापित जिसमें मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## अंडर-11 जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में नन्हे स्केटर्स ने पेश की गति और संतुलन की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शिक्षा विभाग में अगस्त इंटरनेशनल स्कूल में आयु वर्ग अंडर-11 जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह के दिशा- निर्देशन में करवाया गया है, इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के नन्हे स्केटर्स ने उत्साह और जोश के साथ शानदार प्रदर्शन किया। मीडिया संयोजक डॉक्टर जनक राज ने बताया कि क्वॉड इवेंट (लड़कियों) में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट संतुलन और गति का प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस वर्ग में हर्षिता, आराध्य व शिवन्या ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता स्थान प्राप्त किया।

### विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने बताया कि ये सभी चयनित और विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो 7 से 9 नवंबर 2025 को रोहतक में ही आयोजित की जाएगी। ये सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के अवसर पर अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सुशीला गुलिया, डीपीई ओमपाल, सत्येंद्र मान तथा स्केटिंग कोच अजीत विशेष रूप से उपस्थित रहे और विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### एमडीयू में दो दिवसीय इंटर कॉलेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता शुरू



पहले दिन यूटीडी ने नेकी राम कॉलेज की टीम को हराया

*रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आज इंटर कॉलेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पर विश्वविद्यालय की खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। लॉन टेनिस कोच श्रवण कुमार ने बताया कि पहले दिन हुए मुकाबलों में यूटीडी टीम ने पंडित नेकी राम शर्मा कॉलेज को पराजित किया। जाट कॉलेज, रोहतक ने सीडीआर जेएम कॉलेज, बुटाना को हराया। अन्य मुकाबले में सैनी कॉलेज, रोहतक ने यूटीडी टीम को मात दी। यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर को संपन्न होगी।*

### एमडीयू अधिकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

*रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की जनरल ब्रांच के एक अधिकारी कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत सफाईकर्मी की नौकरी कर रही महिलाओं ने वीसी ऑफिस से लेकर मातुराम यज्ञशाला तक नारेबाजी। सफाईकर्मी वीसी प्रो. राजबीर सिंह से मिलने के लिए उनके कार्यालय पहुंची। लेकिन कुलपति नहीं मिले तो महिलाओं ने रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर रूख किया। नारेबाजी करते हुए कहा कि एक अधिकारी ने सफाईकर्मी के कपड़े उतरवा लिए। इससे बड़ी लज्जा की बात यूनिवर्सिटी प्रशासन के लिए कोई और हो नहीं सकती। अधिकारियों की संवेदनाएं बिल्कुल मर चुकी है। गत रविवार को भी राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के स्टॉफ को महिला के साथ हुई घिनौनी घटना के बारे में अवगत करवाया गया था। महिलाएं गवर्नर से मिलना चाहती थी। लेकिन मिलने नही दिया। आज तक अफसर के खिलाफ यूनिवर्सिटी ने कार्रवाई नहीं की। महिलाओं ने कहा कि जब तक अफसर के खिलाफ यकार्रवाई नहीं करेगी तब महिलाएं आंदोलन जारी रखेंगी।*

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**लगभग 35 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा**

# कन्हेली रोड डेयरी काम्प्लेक्स में विकास कार्यों का नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कन्हेली रोड डेयरी काम्प्लेक्स में विकास कार्यो का शुभारंभ नारियल तोड़कर मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने किया। इस दौरान निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक अभियंता तरूण कुमार व कनिष्ठ अभियंता संदीप कौशिक आदि मौजूद रहे। यह काम्प्लेक्स लगभग 35 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जिससे डेयरी काम्पलैक्स में डेयरी संचालको को सुविधा मिलेगी। काम्प्लेक्स में लगभग 13.92 करोड़ से विकास कार्य करवाए जाएगें जिसमें सड़कों का निर्माण, पानी की लाईन डालने का कार्य, स्ट्रीट लाईट, खुले नालों को कवर करने का कार्य आदि शामिल रहेगा। इसका विकास शहर में डेयरियों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा शहरी स्वच्छता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### काम्प्लेक्स में लगभग 270 प्लाट, इसमें से 251 अलॉट किए जा चुके



मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि शहर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित डेयरी संचालन नगर निगम की प्राथमिकता है। डेयरी काम्प्लेक्स के विकसित होने से न केवल डेयरी संचालकों को बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि शहर के आवासीय क्षेत्रों में गंदगी, पानी की समस्या और दुर्गंध की समस्या में भी कमी आएगी। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि डेयरी काम्प्लेक्स में डेयरी संचालकों को सुविधा के लिए विकास कार्य आरंभ किए गए है। इस काम्प्लेक्स में लगभग 270 प्लाट है जिसमें से 251 अलॉट किए जा चुके हैं। अब नगर निगम उन डेयरी संचालकों पर सख्ती करेगा, जिनको कन्हेली डेयरी काम्प्लेक्स में प्लाट आवंटित हैं लेकिन डेयरी संचालकों द्वारा डेयरियों को कन्हेली डेयरी काम्प्लेक्स में शिफ्ट नहीं किया गया है। वे तुरंत अपनी डेयरी को डेयरी काम्प्लेक्स में शिफ्ट करें। भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश सचिव महिला रेणू डाबला, वार्ड सदस्य बिजेन्द्र सिंह व नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति एवं नगर निगम से की उपस्थिति में किया गया।

# गोली मारकर गाड़ी छीनने के मामले में तीनों आरोपी बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ सबूतों के अभाव में अदालत ने सुनाया फैसला

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनी यादव की अदालत ने वर्ष 2019 में हुए गोलीकांड और कार लूट के मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने सबूतों के अभाव में तीनों आरोपियों को बरी कर दिया है। जिन आरोपियों को अदालत से राहत मिली है, उनमें आनंद उर्फ मोनू निवासी बहादुरगढ़, साहिल और प्रवीण निवासी दक्षिण दिल्ली शामिल हैं। यह मामला राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के गांव ममड खेड़ा निवासी जगदीश से जुड़ा है, जो टैक्सी चलाने का काम करते हैं। पुलिस द्वारा अदालत में दाखिल आरोप पत्र के अनुसार, जगदीश वर्ष 2019 में अपनी टैक्सी से सवारियां लेने के लिए श्रीगंगानगर से दिल्ली एयरपोर्ट की ओर रवाना हुए थे। रास्ते में रात लगभग नौ बजे उन्होंने चुलियाना मोड़ स्थित एक ढाबे पर रुककर भोजन किया और कुछ देर वहीं आराम किया। रात करीब 12:30 बजे जब वह फिर से यात्रा के लिए निकले और थोड़ी दूर चलकर शौच के लिए रुके, तभी एक युवक ने उनकी कार की खिड़की खोलने की कोशिश की। चालक जगदीश ने विरोध किया तो बाइक सवार दो अन्य युवक मौके पर पहुंचे और उनमें से एक ने जगदीश के हाथ में गोली मार दी। घायल हालत में जगदीश ने किसी तरह कार वापस ढाबे पर पहुंचाई, जहां से ढाबा मालिक ने तुरंत उन्हें पीजीआई में भर्ती कराया। पुलिस ने इस घटना में शामिल तीनों युवकों को कुछ समय बाद गिरफ्तार कर लिया था और मामला अदालत में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत पेश करने में असफल रहा।